ब्रीफ न्यूज

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई

भोपाल। राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्यप्रदेश में 11 दिसंबर को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क्रमांक 2) की दूसरी छः माही बैठक हुई। परिषद का उद्देश्य केंद्रीय सरकारी कार्यालयों/उपक्रमों में हिंदी राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा, प्रोत्साहन और राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु साझे मंच पर चर्चा एवं सुझाव प्रदान करना है। बैठक में नगर स्थित कार्यालयों के प्रशासनिक प्रमुख एवं राजभाषा गतिविधियों के लिये कार्यरत अधिकारीगण हेतु दिशा-निर्देश, हिंदी में कार्य के अनुपालन एवं संभावित योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में कुल 46 कार्यालयों के लगभग 120 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी के प्रगतिशील उपयोग, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। बैठक में समिति की अध्यक्ष सुम्बुल मुंशी, इकाई प्रमुख एवं नराकास अध्यक्ष (क्रमांक-2), केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, गोविन्दपुरा, भोपाल तथा समिति के सदस्य-सचिव विद्या राज, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क्रमांक 2) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में उपस्थित सदस्यों में डॉ. विद्या राकेश, निदेशक, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, श्रीकृष्ण बिर्मन, रजिस्ट्रार, नीतिक देवगन, वरिष्ठ संकाय, तथा राजेश कुमार सैनी, प्रशासनिक अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी शामिल रहे। नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल भी बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर में तीन दिवसीय सोलर एशिया एक्सपो

भोपाल। तीन दिवसीय एक्सपो का आयोजन ओलंपिया एग्जिबिशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है जिसमें देशभर की प्रमुख अक्षय ऊर्जा से संबंधित कंपनियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर प्रदेश भर से आए लोगों को अपनी तकनीकियों से अवगत कराया तथा बताया गया कि कैसे बिजली के बिल को कम किया जा सकता है। हमारे संवाददाता ने प्रदर्शनी में आए कुछ लोगों से बात की जिसमें उन्होंने बताया कि जिस तरह इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है इस तरह हमें हरित ऊर्जा में भी इसको नंबर वन ले जाना है। यह एक्सपो 12 से 14 दिसंबर तक अर्बनहट केसर बाग रोड, इंदौर में लगाया गया है। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी सौर ऊर्जा उद्योग की नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और व्यापारिक अवसरों का एक महत्वपूर्ण मंच बनी। देशभर की कई प्रतिष्ठित कंपनियां इस एक्सपो में भाग लिया, जिनमें शामिल हैं गौतम सोलर प्रालि, वीसोल सोलर एनर्जी प्रालि ऑस्ट्रेलियन प्रीमियम सोलर (इंडिया) लिमिटेड, रत्नेश्वर मेटल, श्री कृष्ण ऊर्जा प्रोजेक्ट प्रालि डीएनपॉसिबिलिटीज प्रालि (सनोरा सोलर), आईडी एफसी फर्स्ट बैंक, हेवन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, नैया इंजीनियर्स, सनवेक्स सोलर प्रालि, इनोवेटिव सॉल्यूशंस, नव-युग सोलर एलएलपी, हेवन ग्रीन एनर्जी लि, जैनफ्लेक्स केबल्स प्रालि, स्टार्का इनोवेटिव सिस्टम्स प्रालि सहित अनेक प्रमुख कंपनियां। एक्सपो का उद्देश्य सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी प्रगति और व्यावसायिक साझेदारियों को बढ़ावा देना है। यह इवेंट डीलर्स, इंस्टॉलर्स, कंपनियों, उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों के लिए उत्कृष्ट नेटवर्किंग अवसर प्रदान करेगा।

सीहोर के गीता भवन में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा

भोपाल। म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से गीता भवन, बस स्टैंड के पास, सीहोर (म.प्र.) में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन चल रहा है। यह बाजार 7 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक चलेगा। प्रदर्शनी में आपको सम्पूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिकी, इसमें विश्वप्रसिद्ध बनारस की मशहूर कतान सिल्क, मसलिन सिल्क, टीसू सिल्क, अल्फी और टिल्फी सिल्क, काटन, साड़ी, सूट-दुपट्टे, भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियां व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद कीकलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी, महोबा यू.पी. का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्क्स, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़िया, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ जो आप देख एवं खरीदारी कर सकते है।

बच्चों को डिजिटल माहौल पसंद इसलिए बढ़ रहा लिवर ट्रांसप्लांट

600 लिवर ट्रांसप्लांट कर चुकी मेदांता दिल्ली की पीडियाट्रिक गैस्ट्रोलॉजी डिपार्टमेंट डायरेक्टर डॉ. नीलम मोहन की राज एक्सप्रेस से बातचीत

● भोपाल / गौरीशंकर चौरसिया

मेदांता अस्पताल दिल्ली में पीडियाट्रिक्स गैस्ट्रोलॉजी डिपार्टमेंट की डायरेक्टर एवं प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम मोहन ने कहा कि डिजिटिलाईजेशन के युग में खाने-पीने की हम प्राचीन पद्धतियां भूलाते जा रहे हैं। पहले इसके लिए दादा-दादी के नुस्खे वैज्ञानिक रूप में अपनाए जाते थे। तब बच्चों की ऊर्जा भी अलग प्रकार की रहती थी। आज तेजी से बचपन को मोटापा जकड़ रहा है। यही कारण है कि इनमें पेट और लिवर संबंधी विकार उत्पन्न हो रहे हैं। हालात यहां तक बनते हैं कि अंतिम विकल्प ट्रांसप्लांट ही होता है। वह राजधानी में आयोजित दो दिवसीय एमपी एआईएपी पीडीकॉन-2025 सम्मेलन में हिस्सा लेने आई थीं। पिछले पंद्रह साल में 600 लीवर ट्रांसप्लांट कर चुकी डॉ मिश्रा ने राज एक्सप्रेस से बाल रोगों पर विस्तार से बात की। प्रेसीडेंट इलेक्ट सीआईएपी (सेन्ट्रल इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स) 2025 गुरूग्राम एवं मेदांता मेडिकल कॉलेज में गैस्ट्रोलॉजी डायरेक्टर नीलम मोहन ने कहा कि विकसित भारत को कैसे आगे ले जाएंगे। यह चिंता बन चुकी है क्योंकि आज जिस प्रकार बाल्यकाल से ही बच्चों को बीमारियां घेर रही हैं। इसके लिए मंथन और बड़ी जागरूकता की जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों में डिजिटलाइजेशन बिहेवियर प्राब्लम तेजी से बढ़ रही है। हर समय मोबाइल पर इनका रहना आम बात हो गई है। भोजन में फास्ट फूड का चलन तेजी से बढ़ रहा है। इससे उनकी बॉडी का विकास रूक रहा है। जिससे लीवर के विकार विकसित हो रहे हैं। डॉ. नीलम मोहन ने कहा कि साल 2010 से उन्होंने अभी तक 600 लिवर ट्रांसप्लांट किए।

दादा-दादी के नुस्खे किसी चिकित्सा से कम नहीं थे: डॉ. नीलम मोहन ने कहा कि यदि बच्चों को बीमारियों से बचाना है तो इसके लिए माता-पिता को जागरूक बनना होगा। बच्चों को मोबाइल से ज्यादा से ज्यादा दूर रखना होगा। इन्हें फिजिकल एक्टिविटी के लिए प्रेरित करना होगा। घरों में ऐसे बनाने की जरूरत है कि बच्चे बचपन से ही अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

- **बच्चों में बढ़ रहा तेजी से डिसग्राफिया:** बच्चों में तेजी से डिसग्राफिया यानि लिखने के प्रति उनकी रूचि घट गई है। वह तत्काल भूल भी रहे हैं। बाल चिकित्सकों के अनुसार शोध में यह बात सामने आई है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जीके अग्रवाल का कहना है कि स्कूल के बाद घर पर बच्चों के हाथों में कलम की जगह मोबाइल होने के कारण यह हालात बन रहे हैं। इसका सहज उपचार घर में ही है। माता-पिता यदि सख्ती अपनाएं तो बच्चे इस परेशानी से बच सकते हैं।
- **अनेक विशेषज्ञों ने किया बाल रोगों पर मंथन** एमपीएआईएपी पीडीकॉन 2025 के पहले दिन अनेक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इसमें बाल रोग विशेषज्ञ बसंत खालाटक मुम्बई, डॉ. एम सिंगरवेल्लु चेन्नई, डॉ. योगेश पारिख, डॉ. स्मिता पारिख एवं अनु माहेश्वरी दिल्ली, डॉ. अनुराग वाजपेयी लखनऊ एवं सागर भट्ट लखनऊ के अलावा मप्र के अनेक अस्पतालों के बाल रोग विशेषज्ञों ने पीडियाट्रिक्स चिकित्सा के नवीनतम विकास और सामुदायिक निवारक बाल स्वास्थ्य पर चर्चा की एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. पंकज शुक्ला ने बताया कि रविवार को भी यह कार्यक्रम चलेगा।

लोक अदालत में राजीनामा से सुलझाए 21 हजार 295 केस

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

जिला अदालत में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें आपसी सहमति से 19526 लंबित एवं विचाराधीन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर पक्षकारों को 42 करोड़ 53 लाख 13 हजार 186 रुपए की मुआवजा व समझौता राशियों के अवार्ड पारित कर राशियां दिलाई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत में कुल 18,872 लंबित प्रकरण रखे गये थे। विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जलकर एवं बीएसएनएल विभाग तथा यातायात के ई-चालान से संबंधित 79,737 प्री लिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत के समक्ष रखे गए थे। कुटुंब न्यायालय में पति -पत्नी संबंधी लगभग 132 प्रकरणों का निराकरण कराया गया। न्यायाधीशों ने उन्हें फलदार पौधे भेंट कर नये जीवन के लिए शुभकामनाएं देकर विदा किया।

बीमा क्लेम का सबसे बड़ा सेटलमेंट

नेशनल लोक अदालत में बीमा क्षेत्र से जुड़ा प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा सेटलमेंट कराया गया। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और परिवादी पक्ष के बीच 1 करोड़ 79 लाख 20 हजार रुपए का समझौता हुआ। आयोग ने आदेश दिया कि यह राशि पांच दिन में नॉमिनी प्रदीप कुमार के खाते में जमा कराई जाए। राजेश कुमार ने अपने जीवनकाल में एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की तीन पॉलिसियां ली थीं, जिसकी कुल बीमित राशि लगभग 2 करोड़ 23 लाख रुपए थी। उनकी मृत्यु के बाद नॉमिनी प्रदीप कुमार ने बीमा दावा प्रस्तुत किया, लेकिन बीमा कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम खारिज कर दिया कि पॉलिसी लेते समय बीमारी की जानकारी छुपाई गई थी। इसके बाद तीनों पॉलिसियों के अनुसार अलग-अलग परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में प्रस्तुत किए गए थे।

देर रात तक खुले रहे वार्ड कार्यालय, 19 करोड़ की वसूली

भोपाल। शनिवार को नगर निगम के सभी 85 वार्ड कार्यालयों में देर रात तक लोक अदालत शिविर लगे रहे और टैक्स वसूली होती रही। एक ही दिन में निगम के खाते में लगभग 19 करोड़ रूपए जमा हुए। निगम के राजस्व विभाग के मुताबिक करीब 18 हजार खातों में अलग-अलग मदों का टैक्स जमा हुआ। लोक अदालत शिविरों के माध्यम से निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स पर लगे सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट का लाभ दिया। निगम के राजस्व विभाग के मुताबिक साल 2025 में अधिभार से छूट का यह अंतिम अवसर था। एक जनवरी 2026 से 20 हजार से अधिक संपत्तिकर व अन्य देय करों पर 3 प्रतिशत हर महीने अधिभार लिया जाएगा। दिनभर लगे शिविरों का अपटेड निगम कमिश्नर संस्कृति जैन लेती रही। उन्होंने अच्छी वसूली करने वाले जोन और वार्ड कार्यालयों को बधाई भी दी।

पचामा कैटल फीड सयंत्र पहुंचा 'सहकार से समृद्धि' कारवां

किसानों को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने का माध्यम है सहकारिता

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा संचालित सहकार से समृद्धि जन-जागरूकता कारवां अपनी यात्रा के क्रम में आणंद से मध्यप्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों से होते हुए भोपाल सहकारी दुग्ध संघ अंतर्गत 'पंचामा कैटल फीड सयंत्र' पहुंचा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनडीडीबी की टीम ने यह संदेश साझा किया कि देश के विकास और गांवों की प्रगति से जुड़ी है, और सहकारिता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने एनडीडीबी की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से किसानों में सहकारिता के प्रति विश्वास और सहभागिता और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर संघ के बोर्ड सदस्य, एनडीडीबी के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय अमला एवं बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित रहे। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा जारी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (आईवाईसी) 2025 कैलेंडर के अंतर्गत, एनडीडीबी अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने आणंद गुजरात स्थित अपने कर्मचारियों की उपस्थिति में 'सहकारी समृद्धि यात्रा' उत्सव कारवां को 9 दिसंबर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस कार्यक्रम के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि पचामा कैटल फीड प्लांट से सांची सुदाना ब्रांड की गुणवत्तापूर्ण कैटल फीड किसानों को नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पशुपालन गतिविधियों को मजबूती मिल रही है।

अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज में कांफ्रेंस हाल का उद्घाटन

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी स्थित अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज, में शनिवार को अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता की अध्यक्षता, नाबार्ड के महा प्रबंधक, सुरेश कुमार साहू, उप महा प्रबंधक नन्दू नायक, अपेक्स बैंक के प्राचार्य, पीए तिवारी, विकअ, अरुण मिश्र, उप महाप्रबंधक, केटी सज्जन, सहायक महाप्रबंधक, अरविंद बौद्ध, विषय विशेषज्ञ, अमूल राहंणेकर, चार्टड अकाउंटंट की उपस्थित में 'नाबार्ड की सॉफ्टकेब पॉलिसी के अन्तर्गत बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सहकारी बैंकों पर लागू सभी कराधान पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं कांफ्रेंस हाल का उद्घाटन किया। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक, मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारा प्रयास इस प्रशिक्षण संस्थान को देश में सर्वश्रेष्ठ बनाने का है। हमारा प्रयास बेहतर माहौल व आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण वातावरण में आप सभी को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना है, इसी कड़ी में आज इस कांफ्रेंस हाल का उद्घाटन हुआ है। नाबार्ड के महाप्रबंधक, सुरेश कुमार साहू ने प्रदेश में अल्पकालीन सहकारी संरचना को सुदृढ़ीकरण बनाने के प्रयास करने पर जोर दिया। आरंभ में अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज के प्राचार्य, तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन संकाय सदस्य, आर के दुबे ने किया।

कुनबी समाज का सातवां अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन परिचय सम्मेलन आज

भोपाल। कुनबी समाज का ऑनलाइन सातवाँ अंतरराष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार, 14 दिसम्बर 2025 को संपूर्ण भारत में समाज के बाहुल्य अनेक शहरों से आयोजित होने जा रहा है। इसकी के तहत केन्द्रीय क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज संगठन भारत एवं समग्र क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज महासभा मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रातः11 बजे से 2 बजे तक देश के अनेक शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, भिलाई, मुम्बई, नागपुर, बैतूल, मुलताई, आमला, आठनेर, भैंसदेही, अमरावती, वरूड, दिल्ली, हैदराबाद, पूना, बेंगलुरु सहित लगभग 30 शहरों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। परिचय सम्मेलन में देश विदेश से करीब 200 युवक-युवतियां एवं अभिभावक वर्चुअल जुड़कर परिचय देंगे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य अतिथि डॉ. पीआर बोड़खे पूर्व विधायक मुलताई, सुखदेव पांसे, पूर्व केबिनेट मंत्री तथा चन्द्रशेखर देशमुख, विधायक मुलताई होंगे। कुनबी समाज महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. खुशराज धोटे ने बताया कि आयोजन में देश और विदेश से बड़ी संख्या में समाजजन जुड़ेंगे।

शहर के अनंत, तिलक और विश्वास बने फाइटर पायलट

भोपाल। राजधानी के तीन युवा शनिवार को वायुसेना अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेकर फाइटर पायलट बन गए हैं। पासिंग आउट परेड को राजधानी के अनंत मिश्रा, तिलक शर्मा और विश्वास यादव ने सफलतापूर्वक पूरा किया। अनंत मिश्रा डिप्टी डायरेक्टर पीआर संतोष मिश्रा के बेटे हैं। उनकी मां का नाम छाया मिश्रा है।

तनवी श्रीवास्तव का फ्लाइंग ऑफीसर पद पर चयन

भोपाल। राजधानी की तनवी श्रीवास्तव का वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। तनवी शिक्षक एवं मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव की बड़ी बेटी हैं। उन्होंने एफटेक की परीक्षा उत्तीर्ण कर उनका फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। वह सरोजनी नायडू महाविद्यालय में एमएससी की छात्रा है। उनके चयन पर दादाजी सेवानिवृत्त रेंज ऑफिसर पीडी श्रीवास्तव और चाचाजी डीएसपी (पीएचक्यू) बसन्त श्रीवास्तव, फूफाजी डिप्टी डायरेक्टर (एमपी कॉन) सुनील श्रीवास्तव, अबीर श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव समस्त परिवार ने बधाई दी।

पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल

पुराने स्टील रिवेटेड गर्डर्स का नये कॉम्पोजीट गर्डर्स द्वारा रिगर्डरींग और जेकेटींग द्वारा पुराने उप-ढांचे का सशक्तिकरण

ई-निविदा सूचना सं. 15 वर्ष 2025-26 दिनांक : 12/12/2025
ई-निविदा सं. डीवायसीई-बीआर-एडीआई-13-2025-26

कार्य का नाम: अहमदाबाद मंडल - वरि. अनुभाग अभियंता (पुल) अहमदाबाद के क्षेत्राधिकार आधिन गेरतपुर-अहमदाबाद स्टेशन के बीच पु. सं. 711 UP और DN के मौजुदा पुराने स्टील रिवेटेड गर्डर्स का नये कॉम्पोजीट गर्डर्स द्वारा रिगर्डरींग और जेकेटींग द्वारा पुराने उप-ढांचे का सशक्तिकरण करने का कार्य।

NIT की अनुमानित लागत: ₹ 6,33,09,976.22

बीड सुरक्षा लागत / ईएमडी: ₹ 4,66,600.00

ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक: 13/01/2026 को 15:00 बजे

कार्यालय का पता: उप मुख्य अभियंता (पुल) अहमदाबाद, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, गुजरात कैंसर सोसायटी अस्पताल के सामने, असारवा. नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद, गुजरात-380016.

ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट: www.ireps.gov.in

ADI-230

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

HDFC BANK We understand your world

AUCTION SALE NOTICE

The borrowers, in particular, and the public, in general, are hereby notified that public auction of gold ornaments / security pledged in the below accounts is proposed to be conducted. The auction is of the gold ornaments / security of borrowers who have defaulted to pay, as per the terms of Loan Agreement signed & accepted by them, despite notices by HDFC Bank Limited (the "Bank") to clear the loan dues. The Bank had also issued a notice to the borrowers whereby, 7 days' time was given to repay the entire outstanding dues in the below accounts, failing which Bank would be at liberty to auction the entire pledged gold security without issuing further notice. The borrowers have neglected and failed to make payment, therefore, Bank in exercise of its rights under the loan agreement as a pledge has decided to enforce the pledge over gold security by selling the entire gold ornaments / security by way of auction and recover the dues owed by the borrowers to the Bank.

The auction will be conducted at the below mentioned branch/s on 22-12-2025 from 3.30 pm onwards. In the event the auction of any pledged security cannot be conducted or concluded on the date mentioned, the Bank reserves the right to conduct or proceed with the said auction on any subsequent date and time

S No.	Loan No.	Borrower's Name	Loan Amt.	Place of Auction (Branch Address)
1	75353356	Shekh Shahid	53300	**HDFC Bank Ltd,** Civil Lines, Opp.range Office, Tikamgarh, M.P., 472001
2	75565591	Pradip Kushwaha	172200	**HDFC Bank Ltd,** Ground Floor, Ward No. 9, Pipariya Road, Bankhedi, M.P.
3	75571649	Shivam Dehariya	222000	**HDFC Bank Ltd,** Ground Floor, Ward No. 12, Main Road, Old Bus Stand, Shaheed Chowk, Amarwara M P, 480221
4	75906732	Vijay Kumar Pagare	117000	
5	73923311	Mahesh Kumar Dehariya (Bandana Dehariya)	72600	
6	75903567	Praveen Sharma	47000	**HDFC Bank Ltd**, NH 12, Ghana Road, Udaipura Dist Raisen, M.P. 464770
7	75890719	Gokul Gurjar	78400	**HDFC Bank Ltd,** Opposite Bus Stand, Harda, M.P.
8	75878190	Harkishan Bahadursingh	78900	**HDFC Bank Ltd,** Opposite Mandi, Bhopal Road, Raisen, Madhya Pradesh,464551
9	75966215	Chandan Singh	42000	
10	75562380	Yogesh Sonof Deviram	79468	**HDFC Bank Ltd,** Gr Floor, BK Deshmukh Plaza, Shop No,108 to 110 and 129,130, Triveni Warc, No 13, Near Shitla Square, Bhainsdeh , Madhya Pradesh,460220
11	75843140	Zulekha Ansari	63000	
12	75422999	Vishesh Dalwani	228000	**HDFC Bank Ltd,** Shagun 7 Hawal Mahal Road Peer Gate Bhopal 462001
13	76004816	Amit Kumar Sahu	259000	**HDFC Bank Ltd**, 63, Jalori Tower Madhavganj, Vidisha, M.P.464001

The auction shall be conducted on an "AS IS WHERE IS" and the "AS IS WHAT IS" basis and the Bank is not making and shall not make any representations or warranties as regards the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments. It shall be the sole and absolute responsibility of the potential purchasers to verify, examine and satisfy themselves about the quality, purity, caratage, weight or valuation of the said gold ornaments prior to placing their bids and for such purpose it shall be open to potential purchasers to examine, at their sole cost and expense, and at the address set out hereinabove, the gold ornaments whether with or without expert advice 45 minutes prior to the time stipulated for the conduct of the auction. All bids shall be subject to such minimum reserve price as the Bank may deem fit to fix in this regard. The auction value will be based on the closing price of gold as per IBJA (India Bullion and Jewellers Association Ltd.) on the previous day. The auction process and the sale (if any) pursuant to such auction shall be subject to such further terms and conditions as the Bank may at its sole discretion deem fit to impose. If the borrower(s) mentioned above pays the amount due to the bank in terms of the Loan agreement in his individual loan account in full before the auction as mentioned above, the pledged ornaments securing the said loan may be withdrawn by the bank from the said auction without any further notice. Please note that it is the absolute discretionary power of the undersigned authorized officer of the Bank, either to postpone or to cancel the auction proceedings without prior notice and without assigning any reason therefore and to reject any or all the bids or offers without assigning any reason for the same.

Date : 14-12-2025
Place : Madhya Pradesh

Sd/-
Authorised Officer
HDFC BANK LTD.

आयोजन कहानी जर्नी ऑफ सिंधियत ने छोड़ा दर्शकों पर गहरा प्रभाव, संत हिरदाराम ऑडीटोरियम में हुई प्रस्तुति

घर में मातृ भाषा में बात करने का संकल्प लें: संत सिद्ध भाऊ

● संत हिरदाराम नगर / राज न्यूज नेटवर्क

शनिवार शाम को संत हिरदाराम आडीटोरियम श्रोताओं से खचाखच भरा था। मौका था जर्नी ऑफ सिंधियत का मंचन का। मौजूदा युवा पीढ़ी को विरासत, संघर्ष, पुनर्वास से परिचित कराने के लिए बनाई गई कहानी है जर्नी ऑफ सिंधियत। इसके मुख्य सूत्रधार हैं, संत हिरदाराम नगर के जाने माने कलाकार मोहित शेवानी। इसका उद्देश्य सिंधी समुदाय की हजारों वर्षों पुरानी विरासत, उनके संघर्षों, पुनर्वास यात्रा और सांस्कृतिक गौरव को नई पीढ़ी के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत करना है। यह कार्यक्रम सहयोग फाउंडेशन और केन्द्रीय सिंधी विकास समिति भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिससे इसकी सांस्कृतिक प्रामाणिकता और महत्व और भी बढ़ जाता है। कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ मुख्य अतिथि एवं डॉ. राम जवहरानी, जो कि सहयोग फाउंडेशन के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर समारोह को गौरवान्वित करेंगे। इस भव्य प्रस्तुति के मुख्य कथावाचक युवा कहानीकार मोहित शेवाणी उनके साथ मंच पर सुप्रसिद्ध कलाकार कृशुभम नथानी, रितुका सुन्दरानी और निशी घमेचा अपनी सुमधुर गायकी और संगीतमय प्रस्तुति से कार्यक्रम को और भी जीवंत बनाया। इस शो की पटकथा साहित्यकार खीमन यू. मुलानी द्वारा लिखित तथा भगवान बबानी द्वारा लिप्यंतरित है, जिसमें विजुअल्स दिव्या प्रीतमानी द्वारा रचित, संगीत, कथा और मंचन के माध्यम से सिंधी समुदाय के संघर्ष, विभाजन की पीड़ा, उनके साहस, पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक समृद्धि की यात्रा को अत्यंत सूक्ष्मता और मार्मिकता के साथ प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन इसलिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि मोहित शेवाणी इस प्रतिष्ठित प्रस्तुति को देशभर में 50 से अधिक सफल मंचों के बाद पहली बार संत हिरदाराम नगर में प्रस्तुत किया।

मातृ भाषा में बात करें

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि यहां पर संकल्प लें कि हम घर मे मातृ भाषा में बात करेंगे। इस मौके पर राम जवाहरानी ने कहा कि हमने यह महसूस किया कि किसी तरह अपने इतिहास, धारणा, त्यौहारों व परम्पराओं को जीवित रखने के लिए पहले इंन्टरव्यू चालू किए, जिसमें लालकृष्ण आडवाणी एवं राम जेठमलानी भी शामिल थे, उसके बाद आज की युवा पीढ़ी के लिए खीमन मूलानी ने जर्नी आफसिंधियत व अनुवाद करने वाले भगवान बाबाणी भी तारीफ के काबिल हैं। समारोह में समाज सेवी चन्द्रप्रकाश इसरानी, महेश दयारामानी, हीरो ज्ञानचंदानी, नरेश चोटरानी, हीरो इसरानी, आरके मूलचंदानी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।